हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



## खबर संक्षेप



### कंजी में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पलारी।** ग्राम कंजी के मिनी स्टार क्रिकेट क्लब के तत्त्वावधान में ग्रीष्मकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ ईशान वैष्णव सभापति एवं सदस्य जिला पंचायत बलौदा बाजार, सम्पत साहू अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पलारी एवं पारसमणी साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बलौदा बाजार के आतिथ्य में हुआ है। सम्पत साहू ने बताया है कि इस प्रतियोगिता में अधिकतम 48 टीमें ही भाग ले सकती है, जिसमें प्रथम ईनाम 15,001 रुपए पारसमणी साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बलौदा बाजार द्वारा प्रदान किया जाएगा, द्वितीय ईनाम 8,001 रुपये सम्पत साहू अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पलारी द्वारा एवं तृतीय ईनाम 5,001 रुपये महेश राम साहू उपसरपंच ग्राम कंजी एवं आयोजक टीम द्वारा दिया जायेगा। शुभारंभ पर चम्मन यादव, सावन साहू, रूपेश साहू, ललित साहू, राधे साहू, राजू यादव, रविदास मानिकपुरी, रमेश्वर साहू, खगेश निषाद, धोनी यादव सहित मेहमान क्रिकेट टीम आयोजक समिति के सदस्यगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मोनिका ने बढ़ाया स्कूल का मान



**बिलाईगढ़।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, बिलाईगढ़ की छात्रा मोनिका ने कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। गणित विषय की छात्रा होने के बावजूद उन्होंने विज्ञान को अतिरिक्त विषय के रूप में चुनकर उसमें 94 अंक प्राप्त किए। मुख्य विषय गणित में अपेक्षाकृत कम अंक आने के बावजूद मोनिका ने कुल 78.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और लगन की सराहना की जा रही है। मोनिका की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता संतोष कुमार मनहर एवं संतोषी मनहर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### कृष्ण मित्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन की आम सभा संस्था के कार्यालय में रविवार को हुई। सर्वप्रथम आम सभा में पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्ति पर त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से कृष्ण मित्र फाउंडेशन का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें अग्र लिखित पदाधिकारियो ने शपथ ग्रहण किया। पदाधिकारियों में प्रदेशाध्यक्ष माधवलाल यादव और प्रदेश महासचिव गोवर्धन झंवर को चुना गया। इसके अलावा संरक्षक गेंदलाल सगरवंशी, बीरेंद्र चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि धनगर, उपाध्यक्ष रतन जैन, सलाहकार आभा बघेल, कोषाध्यक्ष संजय चंद्राकर, सहसचिव राजू यादव बनाया गया।

## 24-25 के ऑडिट रिपोर्ट और 25-26 के आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की

# छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने प्रस्तुत किया एक करोड़ का अनुमानित बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





गिधौरी-प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा 3 मई को हुई। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी का बारी-बारी से स्वागत सम्मान किया गया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सप्तमी समाज के सम्माननीय जिला अध्यक्षों का ब्लॉक एवं जिले के पदाधिकारी द्वारा स्वागत कराया गया।

बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों से आए हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता आजीवन सदस्य, सामान्य सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं प्रदेश पदाधिकारी जिला के जिला अध्यक्ष पदाधिकारी तथा ब्लॉक के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में संस्था के कोषाध्यक्ष श्याम टांडे ने आठवीं बार प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का बजट प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष टांडे ने वर्ष 2024 25 का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत किया। तत्पश्चात 2025- 26 के बिंदुवार आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किए। आगामी वित्तीय वर्ष 2026 -27 के लिए अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें विभिन्न मद में लगभग एक करोड़ से ऊपर का बजट प्रस्तुत किया गया।उक्त राशि समाज के सदस्यों द्वारा एवं समाज के स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीण ,ब्लॉक जिला पदाधिकारी तथा प्रदेश पदाधिकारी के माध्यम एकत्र किए जाएंगे।

उक्त राशि का प्रदेश भर में विभिन्न आयोजन सामाजिक एकीकरण प्रतिभावान सम्मान समारोह सतनाम धर्मशाला मड़वा रायपुर के प्रदेश कार्यालय के कर्मचारियों के वेतन ऑफिस खर्च सतनाम संदेश पत्रिका के प्रकाशन पर खर्च एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर होने वाले खर्च का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया।

प्रदेश स्तरीय वार्षिक आमसभा में प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले, पूर्व सांसद कमला पाटले, प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलह,रें रेशम घृतलहरे, डॉ दिनेश लाल जांगडे, सुशीला सोनवानी, महासचिव मोहन बंजारे सह सचिव दिनेश बंजारे, कोषाध्यक्ष श्याम टांडे प्रवक्ता, राजमहंत प्यारे लाल कोसरिया, साहित्य समिति के प्रदेश अध्यक्ष एस आर बांधे, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजलि बरमल, प्रदेश कार्यकारिणी में श्री एस आर बंजारे, डमरू प्रसाद मनहर, यादराम हिरवानी, रजनी डाडे, द्रोपती जोशी, श्यामलाल सितारे, नोहर ढीढी, भुवन लाल जांगड़े ,सत्येंद्र खूंटे, जिला अध्यक्ष गण गिरवर निराला सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से गांव -गांव पहुंची बैंकिंग सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बैंकिंग कार्य के लिये शहर न जाना पड़े बल्कि गांव में ही सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत वर्ष अप्रैल माह में प्रदेश में अटल डिजिटल सेवा केंद्र क़ी शुरुआत क़ी है। इस केन्द्र के शुरू होने से अब गांव में ही बैंकिंग सुविधा के साथ विभिन्न योजनाओं के तहत कार्ड, प्रमाण पत्र भी आसानी से प्राप्त हो रहे हैं।

जिले में 381 गांव में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र संचालित है, जिसमें एक वर्ष में 27 करोड़ 8 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसमें विकासखंड बलौदाबाजार के 76 केंद्रों में 8 करोड़ 56 लाख, भाटापारा के 69 केंद्रों में 4 करोड़ 94 लाख, कसडोल के 92 केंद्रों में 5 करोड़ 62 लाख, पलारी के 6 3 केंद्रों में 5 करोड़ 10 लाख एवं विकासखंड सिमगा के 81 केंद्रों में 2 करोड़ 93 लाख शामिल हैं।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों ने बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीणों के घर के दरवाजे तक पहुंचा दिया है। इन केंद्रों के माध्यम से मुख्य रूप से आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के जरिए ग्रामीण अपने बैंक खातों से आसानी से लेन-देन कर रहे हैं। वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि और मनरेगा की राशि निकालने में बुजुर्गों और किसानों को बड़ी राहत मिली है।बैंकिंग के साथ-साथ ये केंद्र ग्रामीणों को डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।एक वर्ष के भीतर 27 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी का प्रवाह सुगम हुआ है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों को लाभ हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों के समय और परिवहन पर होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है।

# भाजपा की जीत पर जश्न आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**भाटापारा।** चुनाव नतीजों को लेकर भाटापारा भाजपा कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

विदित हो की पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में संगठन द्वारा-दिये गए दायित्वों का लगातार 70 दिनों से अधिक समय तक सफल निर्वहन करते हुए नेता शिवरतन शर्मा को कार्यकर्त्ताओं ने बधाई दी। कुशल रणनीति, अथक प्रयासों से उनके प्रभार जिला पूर्व बर्धमान (संगठन जिला कटवा) में भी पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज की, जहां भाजपा की एक भी सीट नहीं थीं, वहां शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में 7 में से 7 सीटे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशीयों ने प्रचंड जीत दर्ज की।

शिवरतन शर्मा ने कहा की भाजपा के लिए बंगाल विधानसभा चुनाव की जीत केवल एक जीत नहीं है, यह उस 'पितृऋण' की भी अदायगी है, जो जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में 75 साल के बाद कमल खिला है। मुखर्जी के विचारों के आधार पर ही भाजपा की नींव रखी गई थी, जिसके चलते उन्हें पार्टी का पितामह कहा जाता है। भाजपा बंगाल में एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरी है। शिवरतन शर्मा ने कहा की संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय के 'कर्तव्य पथ' उत्तराखंड से उत्तरप्रदेश में पहले ही सरकार बना ली गई थीं, लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बंगाल में 75 साल के बाद जाकर सपना साकार हुआ है।

यह राह कांटों भरी है, जहां हर कदम पर डर, धमकी और हिंसा का साया रहता है। लेकिन धन्य हैं वे वीर, जिन्होंनेः अत्याचार के सामने घुटने नहीं टेके। इस अवसर पर कार्यालय में राकेश तिवारी, सुनील यद्‌ु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, मथुरा यद्‌ु, पवन वर्मा, अविनाश शर्मा, आशीष टोडर, गोपाल देवांगन, ठाकुर राम साहू, सतीश साहू, आशीष पुरोहित, संकेत अग्रवाल, सतीश सोनी, सुरेंद्र डागोर, पीयूष साहू, पीताम्बर साहू, अभिषेक नायक, गोपी ध्रुव, लाला जायसवाल, काके थादवानी, गोपाल नागवानी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**खरोरा।** पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर खरोरा के दीनदयाल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घंटों आतिशबाजी की, ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा लहराते हुए भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों, मजबूत नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है और भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल सोनी, सूरज सोनी, तोरण ठाकुर, विकास ठाकुर, अमीन खान, दिलराज छाबड़ा, पंचराम यादव, जयप्रकाश वर्मा, पुनेन्द्र पाध्याय, परस नायक, भरत पंसारी, दीपक धनकर, सुनील नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**बलौदाबाजार।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भाजपा की जीत को विकास, सुशासन और जनता के विश्वास की जीत बताया।अशोक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने भाजपा की नीतियों एवं



सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जनता ने अराजकता और भय की राजनीति को नकारते हुए सुशासन एवं सर्वांगीण विकास के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। उन्होंने इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, लक्ष्मी वर्मा सहित प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी एवं प्रत्याशियों के पक्ष में सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य किया, जिसका परिणाम पार्टी को ऐतिहासिक विजय के रूप में प्राप्त हुआ।चुनाव परिणामों के बाद नगर बलौदाबाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर एवं मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित पार्षदों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जीत पर हर्ष व्यक्त किया।

# संवाद से समाधान जन उत्सव में मिले 860 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला



■ शिविर में कुल 860 आवेदन प्राप्त हुए

संडी बंगला क्षेत्र के ग्राम पंचायत ससहा में सुशासन तिहार 2026 का आगाज हुआ, जहां संवाद से समाधान की थीम पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने सीधे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का त्वरित निराकरण किया।

शिविर में मछली विभाग, सहकारिता, ग्रामीण एवं पंचायत विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित कुल 22 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। यहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं, जिन पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को जल बचाने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन वर्मा, तेज वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, पलारी जनपद अध्यक्ष सरिता भीम यादव, ग्राम सरपंच मिथलेश साहू सहित मुकेश साहू, डॉ. अजय राव, मनोज आडिल, देव प्रसाद मारकंडे, हिमांशु वर्मा मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में अनुभागीय अधिकारी दीपक निरकुंज, जनपद सीईओ पन्नालाल धुर्वे, नायब तहसीलदार पंकज बघेल, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आंकड़ों में शिविर शिविर में कुल 860 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 832 मांग और 27 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर 177 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 682 आवेदन लंबित हैं, जिन पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक मोहन वर्मा को मिला राष्ट्रीय अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राजधानी रायपुर के पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में पदस्थ शिक्षक मोहन लाल वर्मा (प्रभारी प्रधान पाठक) को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा साहित्य अवार्ड 2026 का यह सम्मान उन्हें उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियों तथा साहित्य के क्षेत्र में प्रेरणादायी- उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि ग्राम अल्दा निवासी शिक्षक मोहनलाल वर्मा पूर्व में भी अनेक संस्थाओं के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2025 से पुरस्कृत होकर अंचल सहित समाज का नाम रोशन कर चुके हैं। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थापित व पंजीकृत सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला महासंघ नई दिल्ली की राज्य इकाई छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में वृन्दावन हाल में आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा प्रदेश के 140 से अधिक नवाचारी व प्रतिभावान शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्य सभा, अध्यक्षता मीनल चौबे- महापौर रायपुर, अति विशिष्ट अतिथि स्वाति वर्मा सभापति जिला पंचायत रायपुर, डॉ. लता एस. मुल्लूर महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. सारिका एस. गंगा- राष्ट्रीय महासचिव, रुचि वर्मा डीएसपी रायपुर के साथ शिक्षाविद विष्णु दत्त बघेल व नर्मदा प्रसाद मिश्र विशेषतः उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर शिक्षक श्री वर्मा को उनके परिवारजनों, ईष्ट मित्रों, साहित्य प्रेमियों, सामाजिकजनों ने आभार जताया।

# भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में संगठन विस्तार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की जिला कार्यसमिति बैठक सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की। यह नियुक्तियां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के अनुमोदन तथा जिला कोर ग्रुप के वरिष्ठ नेताओं की सहमति के बाद की गईं।



घोषणा के अनुसार श्रीमती सत्यभामा साहू को जिला उपाध्यक्ष, रितेश श्रीवास्तव को जिला मंत्री तथा योगेश वर्मा (योगी) को जिला सोशल मीडिया सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा जिला कार्यसमिति बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधिवत रूप से की गई।

बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती, आगामी रणनीति एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठनात्मक एकजुटता एवं कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण सहभाग ने विशेष माहौल बनाया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं पूर्व विधायक तथा भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और सक्रियता पर आधारित होती है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएग

नेताओं ने कहा कि भाजपा का संगठन लगातार विस्तार की दिशा में कार्य कर रहा है और नए पदाधिकारियों को संगठन एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाते हुए पार्टी की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## पेज 13 के शेष

### दूसरे दिन जिले ...

जनसमस्या निवारण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविरों के जरिए मौके पर ही फाइल तैयार हो रही है और वहीं तुरंत निपटारा भी किया जा रहा है, इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों के साथ-साथ मनरेगा की लंबित मजदूरी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल, आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, पेंशन, श्रम कार्ड, जैसी विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभ लेने विशेष रूप से शामिल किया गया है। इन शिविरों में केवल आवेदन स्वीकार करने तक सीमित नहीं रहा जाएगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा और प्रत्येक आवेदन का अधिकतम एक महीने के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों की जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में बताया और योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केंद्र- समाधान शिविर में आकर्षक सुशासन सेल्फी का निर्माण किया गया। शिविर में आने वाले ग्रामीण इसमें सेल्फी लेने उत्साहित नजर आये। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया। तेज गर्मी को देखते हुए इस कैम्प में ओआरएस घोल क़ी भी व्यवस्था क़ी गई थी।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष कुसुम लता पैकरा, सविता अनंत सहित सरपंच, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वाहनों के चेकिंग...

हेलमेट, लाइसेंस और वाहन के दस्तावेजों की कमी सहित अन्य उल्लंघन करने वाले कुल 143 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने कुल 8,900 का समन शुल्क भी वसूला। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली थी। उन्होंने निर्देशित किया है कि हर थाना क्षेत्र में प्रतिदिन अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाएं, ताकि आम जनता सुरक्षित महसूस कर सके

### जिला किसान कांग्रेस...

वर्मा, आदि प्रमुख जन के साथ, बिलाईगढ़ विधानसभा के सोनाखान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, राजमहंत पी के घृतलहरे, रामा डडसेना, नंद कुमार डडसेना, बिजेंद्र पालेसवर, राम चरण डडसेना, कलप राम डडसेना आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन शामिल होकर किसान कांग्रेस कार्यक्रम को सफल बनाएं। मंच के वक्ताओं ने किसानों एवं आम जनता के प्रति हमेशा सजग रहने की बात कही, कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों की पार्टी है एवं हमेशा रहेगी। मंच का संचालन युधिष्ठिर नायक ब्लाक अध्यक्ष सोनाखान ने किया।

### पश्चिम बंगाल में ...

कि पश्चिम बंगाल की जनता अब विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति चाहती है तथा भाजपा को मिले समर्थन से यह साफ हो गया है कि राज्य में परिवर्तन की लहर चल रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सुलोचना यादव, सुनीता वर्मा, डॉ. अजय राव, जिला मंत्री कृष्णा अवस्थी, आलोक अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, नपा. उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बढ़ती महंगाई के...

नायक, नीरज बांधे, दिगंबर साहू, हरीशचंद्र वर्मा, पार्षद सुरेश धृतलहरे, गेवेंद्र साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, राजेश साहू, टी.आर. वर्मा, तिलक कन्नौजे, सुरेंद्र यादव, घनश्याम वर्मा, समीर अग्रवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु, लक्ष्मी साहू, पूर्णिमा श्रीवास, शिवराम सेन, भावेश वर्मा, सुखदेव साहू एवं राजू साहू सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।कांग्रेस नेताओं ने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण हेतु तत्काल प्रभावी कदम उठाने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 शिक्षक मोहन वर्मा को मिला राष्ट्रीय अवार्ड





14 भारती वर्मा बनीं सावित्रीबाई फुले ...






## खबर संक्षेप

### अज्ञात युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली



**गिधौरी।** थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा एवं धमलपुर के बीच तालाब किनारे बबूल पेड़ पर अज्ञात युवक की लाश फांसी के फंदे में लटकते मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्रामीणों की नजर तालाब किनारे बबलू पेड़ पर युवक की फांसी के फंदे पर झुलते हुए नजर पड़ी और वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने गिधौरी पुलिस थाना में घटना की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद मौके पर गिधौरी पुलिस पहुंचकर मुआयना किया तथा आसपास सूचना देकर अज्ञात युवक की पतासाजी की, परंतु मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। अज्ञात युवक की शव को बबलू पेड़ उतारकर पंचनामा कार्रवाई की गई। इसमें युवक 20 से 22 वर्ष के द्वारा गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल मौत का कारण अज्ञात है, और पुलिस का कहना है आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आत्महत्या या हत्या की कारण पता चल पायेगा।

### उपभोक्ता आयोग ने परिवादी को दिलाई नई मशीन



**बलौदाबाजार।** दुकानदार द्वारा खराब मशीन को वारंटी के अंतर्गत सुधार कर प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने परिवादी को एजेंसी से नई मशीन दिलवाई। आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पैजनी निवासी उपभोक्ता तिरिथ राम सोनवानी के प्रकरण एवं नियमों का गहनता से अध्ययन कर संबंधित मामले में विरोधी पक्षकार महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार को उपभोक्ता को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति तथा वाद-व्यय हेतु कुल 6000 रुपये भुगतान का आदेश पारित किया गया तथा मशीन में सुधार कार्य मशीन निर्माता कंपनी वर्धा, नागपुर से परिवादी की संतुष्टी योग्य मरम्मत कराकर दिये जाने एवं संतुष्टि योग्य मरम्मत कराकर नहीं दिये जाने पर नया मशीन अथवा नया मशीन की वर्तमान कीमत दिये जाने का आदेश दिया गया। विरोधी पक्षकार महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार के संचालक परेश अग्रवाल ने आयोग के आदेश का त्वरित पालन करते हुये परिवादी को नया मशीन तथा मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति तथा वाद-व्यय हेतु कुल 6000 रुपये आयोग के माध्यम से प्रदाय किया।

# दुकान खाली करने के नाम पर किरायेदार और मस्जिद कमेटी के बीच विवाद

## दोनों पक्षों को समझाने कोतवाली थाना में हुई शांति बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के सदर रोड स्थित मस्जिद परिसर के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में किरायेदारों एवं मस्जिद कमेटी के बीच दुकान खाली कराने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले को लेकर सोमवार को थाना सिटी कोतवाली में प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया।व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने बताया कि वे वर्ष 1990 से यहां किरायेदार के रूप में व्यवसाय कर रहे हैं तथा नियमित रूप से किराया जमा करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि किरायानामा प्रत्येक 10 वर्ष में नवीनीकृत होता रहा है और पूर्व की कमेटियों के साथ कभी विवाद की स्थिति नहीं बनी।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी लखेश कैवर्त द्वारा दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर आपसी समन्वय एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में थाना प्रभारी, तहसीलदार निवेश कारोटी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अभिषेक "मिकी" तिवारी, पार्षद शेख सलमान, मस्जिद कमेटी के मुल्तालवी मोहम्मद जिलानी, गोपाल केसरवानी, दलजीत सिंह चावला, शंकर दुलानी, दिलीप माहेश्वरी, देवेश साहू, किरायेदारगण तथा हिंदू-मुस्लिम समाज के वरिष्ठजन एवं व्यापारी उपस्थित रहे।







### लिखित शिकायत की

दुकानदारों ने आरोप लगाया कि मस्जिद कमेटी के नवनियुक्त मुल्तालवी मोहम्मद जिलानी द्वारा दुकानों को खाली कराने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में किरायेदारों ने रविवार को थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत भी दी थी। सोमवार सुबह पुनः विवाद की स्थिति बनने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ।

## उपलब्धि : 63 हजार से अधिक आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बना

# पीएम आवास निर्माण में बलौदाबाजार अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 26871 आवासों में से 9713 आवास निर्माण पूर्ण हो गया है। आवास निर्माण पूर्णता में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा राज्य में प्रथम स्थान पर है। योजना के तहत वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक 88110 आवासों की स्वीकृति की गई है, जिसमें से 79617 आवास निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत सभी पूर्ण आवासों में जनसहयोग से रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 63508 आवासों में रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण करा लिया गया है। साथ ही निर्मित रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का जियो टैग जल संचयन जनभागीदारी के ऐप 2.0 में एंट्री किया जा चुका है। आवासों में रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण 15 मई तक कराने का लक्ष्य रखा गया है।

एक आवास में रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना की सहायता से प्रतिवर्ष 22 हजार लीटर वर्षा जल, भू-जल में संचयन किया जा सकता है। वर्तमान में 63508 आवासों में रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कर लिया गया है जिसमें 139 करोड़ लीटर वर्षा जल, भू-जल में संचयन किया जा सकता है।





### विकासखण्डवार उपलब्धियां

जिले के सभी पांच विकासखण्डों में मिशन मोड पर कार्य करते हुए रैन वाटर हार्वेस्टिंग का जाल बिछाया गया है।विकासखंड कसडोल में 16088, पलारी में 12383,बलौदाबाजार 9479 सिमगा में 9479 एवं भाटापारा में 9296 आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया गया है।

# भटगांव में गौ मांस बरामद, तीन आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



बजरंग दल के प्रमुख ओम प्रकाश साहू साकिन गोढियारी को फोन से सूचना प्राप्त हुई कि कालेज भांठा भटगांव के पास कुछ व्यक्ति गौवंश की हत्या कर उसके मांस को खाने के लिए अपने घर में रखे हैं। सूचना तस्दीक पर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना भटगांव पुलिस रवाना होकर कालेज भांठा भटगांव पहुंची और ओम प्रकाश साहू से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली, जहां संदेही आरोपी मिलाराम राजेत्री पिता ठाकुर राम राजेत्री 36वर्ष, अनिल कुमार राजेत्री पिता ठाकुरराम, रामरतन राजेत्री पिता राजेश राजेत्री 30 वर्ष सभी साकीन वार्ड क्रमांक 4 कॉलेजभाठा भटगांव थाना जिला सारंगढ़ से पूछताछ की, जहां आरोपियों के कब्जे से लगभग 10.500 किलो गौ मांस जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 5,10 छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण अधि. 2004 का घटित होना पाये जाने न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

- गौ सेवा समिति एवं अन्य संगठन ने इस घटना की की कड़ी निंदा और बड़ी कार्यवाही की मांग

विदित हो कि गौमांस खाने हेतु फ्रिज में रखें यह भटगांव थाना क्षेत्र का पहला मामला है, जहां भटगांव पुलिस बजरंग दल के सहयोग से यह बड़ी कार्रवाई की, जहां बजरंग दल के सदस्य ओम प्रकाश साहू, राजा साहू, हेमंत यादव, आयुष यादव, सोनू साहू, लक्ष्मी यादव, रॉकी दास इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# दूसरे दिन जिले में 4 स्थानों पर लगा समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्री उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 4 मई को विकासखंड भाटापारा के ग्राम मोपर,पलारी के ग्राम ससहा, कसडोल के ग्राम डेराडीह एवं नगर पंचायत पलारी में ▶▶ शेष पेज 12 पर

- सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केन्द्र, ग्रामीणों को तत्काल मिला लाभ

### हितग्राहियों को बांटी सामग्री

शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वाराआयुष्मान कार्ड व चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा 2 महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधे,समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी क्री प्रतिमा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।

# वाहनों के चेकिंग अभियान में पुलिस ने 143 चालकों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में संपूर्ण जिले में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थानों और प्रमुख सड़क मार्गों पर शाम 5 से रात 8 बजे तक नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली गई।

भाटापारा शहर में सुरक्षा के मद्देनजर शहर एवं ग्रामीण थाना प्रभारियों की एक संयुक्त टीम गठित की गई। इस टीम ने न केवल मुख्य चौक-चौराहों पर नाकाबंदी की, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों में पैदल पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सड़क किनारे लगने वाले ठेलों, संदिग्ध व्यक्तियों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों की भी बारीकी से जांच की गई।

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। अभियान के दौरान ▶▶ शेष पेज 12 पर

### शराब सेवन पर सख्ती

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के होटलों और ढाबों का भी औचक निरीक्षण किया। एसपी शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बना रहना चाहिए। इसी क्रम में ढाबा और होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपने संस्थानों में किसी भी व्यक्ति को शराब पीने की अनुमति न दें। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करते पाया गया, तो पीने वाले के साथ-साथ संचालक के खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला किसान कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे के उपस्थिति में, किसान कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे के अगुवाई में प्रथम अधिवेशन 4 अप्रैल को कांग्रेस कार्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याभूषण शुक्ला, शैलेश नितिन त्रिवेदी, मोतीलाल वर्मा, परमेश्वर यदु, राकेश वैष्णव, फूलचंद

घृतलहरे, रघुनंदन वर्मा, नंदेश्वर साहू, सनत वर्मा, रवि बंजारे, दया राम वर्मा, युधिष्ठिर नायक, प्रवीण सेन, दीपक साहू, पी के धृतलहरे, घनश्याम वर्मा, रामकुमार डडसेना, भानु ▶▶ शेष पेज 12 पर

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत बदलाव का संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर भाजपा द्वारा आ यो जि त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी नेताओं ने जीत पर खुशी जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण बताया। नेताओं ने कहा कि चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता भाजपा की नीतियों एवं विकास कार्यों पर भरोसा जता रही है।

- जिला मुख्यालय में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने ली प्रेसवार्ता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पांच राज्यों में भाजपा को मिला जनादेश पार्टी के प्रति जनता के मजबूत विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में पार्टी को मिली सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह राज्य में राजनीतिक बदलाव की स्पष्ट आहट है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 12 पर

## सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





बढ़ती महंगाई के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को गार्डन चौक में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों सहित आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। महंगाई के कारण गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, सुहेला अध्यक्ष भानु वर्मा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे, जिला महामंत्री लखेश साहू, छल्ला साहू, जितेंद्र नवरत्न, युधिष्ठिर ▶▶ शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण 5 मई से

**बलौदाबाजार**। भारतीय अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लिखित परीक्षा के लिए 5 मई से 5 जून तक पं. चक्रपाणि हायर सेकंडरी स्कूल बलौदाबाजार में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वे अभ्यर्थियों जिन्होंने अग्निवीर थल सेना भर्ती में आवेदन किया है, वे इच्छुक अभ्यार्थी समय पर निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर निःशुल्क प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

### चाकू से हमला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायपुर**। टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शीतला चौक मठपुरैना में एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी लक्की पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 अप्रैल की रात 10 बजे उसका भाई निशांत, अपने दोस्त मुक्कू यादव के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान आरोपी मनोज उर्फ दादू यादव वहां पहुंचा और बिना वजह निशांत से गाली-गलौज करने लगा। निशांत ने जब विरोध किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी पतासाजी कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चाकू भी बरामद किया है।




संगठन बाद पदाधिकारियों ने ली शपथ

# भारती वर्मा बनीं सावित्रीबाई फुले महासंघ राज्य इकाई की अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ नई दिल्ली द्वारा संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का गठन कर राज्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा सांसद, अध्यक्षता महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर ने किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार पंत एवं आभार प्रदर्शन नीलम वर्मा द्वारा किया गया।



### प्रेरणा की ज्योति" एवं "अनुभव के अंकुर" पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, डॉ. सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सहसचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनसूया देवी पी एस, भाग्याम्मा, सिधोज कविता, राजश्री ए सज्जेश्वर, राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर, अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉ. मनीषा वत्स, विष्णुदत्त बघेल, रूचि वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक लोकेश कुमार वर्मा उपस्थित हुए। राज्य इकाई के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय सहसचिव राज श्री ए सज्जेश्वर के द्वारा पद व दायित्व का शपथ दिलाया गया । जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम वर्मा, उपाध्यक्ष सुमन जार्ज, सहसचिव सरोजनी देवी साहू, नीता यादव, शीतल बैस, संगठन सचिव गीता साहू, अम्बिका वर्मा, संभाग अध्यक्षों के रूप में दीप्ती दीक्षित, श्वेता ठाकुर, संतोषी डनसेना, भुनेश्वरी लहरे एवं सईदा खान ने शपथ ली। कार्यक्रम संयोजक लोकेश कुमार वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा द्वारा सावित्रीबाई फुले पर लिखित पुस्तक "प्रेरणा की ज्योति " एवं संतोषी डडसेना की काव्य संग्रह "अनुभव के अंकुर " का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आए सक्रिय एवं नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक व साहित्यिक जागरूकता शिक्षा में नवाचारी पहल के लिए सम्मानित किया गया। रायपुर जिले की शिक्षिका ममता अहार के द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन पर केन्द्रित एकल नाटिका का प्रदर्शन किया गया।

### सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला गय

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका अतुलनीय है। नारी अगर शिक्षिका हो तो राष्ट्रनिर्माण में अमूल्य योगदान देती है। आपके महासंघ के माध्यम से इस दिशा में किए जा रहे पहल की सराहना करते हुए मैं आप सबको बधाई देती हूं। महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता एस मुल्लूर ने कार्यक्रम में महासंघ के कार्यों और आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के शिक्षकों का उत्साह देखते हुए प्रसन्नता हो रही है। आप सभी ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए है, हम निश्चित रूप से यहाँ पर सावित्रीबाई फुले के बताये आदर्शों को पालन करने में सफल हो पाएंगे। कार्यक्रम को अतिथि वक्ताओं के द्वारा संबोधित करते हुए सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

# कर्मदा हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान

कर्मदा हायर सेकंडरी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में कुल 66 विद्यार्थियों में 14 बच्चे प्रथम श्रेणी, 46 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान निखिल ध्रुव 85%, अंशु कुर्रे 84. 6%, वर्षा चतुर्वेदी 73%, खुशी सेन 73% रही। इसी प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 65 विद्यार्थी ने परीक्षा दी, जिसमें प्रथम श्रेणी में 44 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में 14 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में 2 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान सनी वर्मा 93.8 %, मधुसूदन मानिकपुरी 93.6%, स्वाति वर्मा 89.8%, विनीता वर्मा 88.6%, कुल परीक्षा परिणाम 92.30% रहा दसवीं में कुल परीक्षा परिणाम 90.90% रहा। विद्यालय के परीक्षा परिणाम की सफलता पर विद्यालय में बच्चों का सम्मान किया गया, जिसमें ग्राम प्रमुख सरस्वती चंद्रिका वर्मा सरपंच, जय नारायण सोनी, शेषनारायण वर्मा, रामनाथ सोनी, महेश कुमार वर्मा, उप सरपंच राजू, तुलेश्वर वर्मा, प्राचार्य नागेश्वर पटेल, अनिला थोरात, रमन साहू, कृपा शंकर साहू, दुर्गा मरकाम, नीलू साहू, ऐश्वर्य साहू, गंगा राम पैकरा, यदुनाथ साहू, मधु वर्मा एवं समस्त स्टाफ शामिल हैं।

■ सनी वर्मा ने जिला प्रावीण्य सूची में




# विकास से कोसों दूर बेन्दुआ, ग्रामीण सड़क और पुलिया को तरस रहे

**गोपालपुर**। देश की आजादी के आठ दशक पूरे होने को हैं, लेकिन विधानसभा बिलाईगढ़ और लोकसभा जांजगीर-चांपा के अंतर्गत आने वाला ग्राम बेन्दुआ आज भी विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है। अनुसूचित जाति बाहुल्य इस गांव में बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है, जो सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी सड़क और पुलिया निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीत के बाद कोई पलटकर नहीं देखता। हालत यह है कि गांव से गुजरने वाले नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में गांव टापू बन जाता है। न सड़क है और न ही पुल, जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने, निःशक्तजनों के आवागमन और विद्यार्थियों को स्कूल जाने में जान जोखिम में डालनी पड़ती है।

हैरानी की बात यह है कि इस क्षेत्र से अनुसूचित जाति के ही प्रतिनिधि निर्वाचित होकर सदन में जाते हैं, फिर भी इस दलित बाहुल्य गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शासन द्वारा अनुसूचित जाति विकास के लिए करोड़ों का बजट तो पास किया जाता है, लेकिन बेन्दुआ की सड़कें आज भी धूल और कीचड़ से भरी हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द पक्की सड़क और नाले पर पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

# सुशासन तिहार में जरूरतमंद को बांटी सामग्री

**बलौदाबाजार**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत ससहा में सोमवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और मौके पर ही समस्याओं के निराकरण के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत ससहा में आयोजित शिविर में ग्राम साराडीह निवासी चमरू राम ध्रुव को उनकी शारीरिक सुगमता हेतु विभाग की ओर से छड़ी प्रदान की गई।



उन्होंने अपनी कांपती आवाज में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा, अब मोला काकरो हाथ धरे के जरूरत नहीं पड़े, ये लाठी ही मोर संगी बनही। (अब मुझे किसी का हाथ पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यह लाठी ही मेरी साथी बनेगी)। मुख्यमंत्री की इस जन-हितैषी पहल ने चमरू राम जैसे हजारों बुजुर्गों के मन में यह विश्वास जगा दिया है कि सुशासन का अर्थ केवल फाइलों का निपटारा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाना है। आज चमरू राम जब अपने गांव साराडीह लौटे, तो उनके कदम पहले से कहीं अधिक स्थिर और मन कृतज्ञता से भरा हुआ था।

